22 korba Bhoomi-pg1_Layout 1 12/23/2023 12:16 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4

नगर पालिका कटघोरा में भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव गिरा, रतन ने बचा ली अपनी कुर्सी



## खबर संक्षेप

### योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में पहुंच रहे लोग

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकासखंड कोरबा के ग्राम मदनपुर एवं बरपाली, विकासखंड कटघोरा के ग्राम भिलाईबाजार एवं केसला, पोडी उपरोडा ब्लॉक के बिंझरा एवं रिंगनिया, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोगीपाली और रामपुर, विकासखंड पाली के ग्राम मानिकपुर और मांगामार में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 बालको और वार्ड क्रमांक 6 पुराना बस स्टैण्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर मोदी की गारंटी प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया।

### 23 से 25 दिसंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाएंगे शिविर

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 23 दिसंबर को विकासखंड कोरबा के ग्राम गुरमा में 10 बजे से, चिर्रा में दोपहर 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम रलिया में 10 बजे से और नवापारा में 2 बजे से, पोड़ी उपरोडा ब्लॉक के सरभोका में 10 बजे से, बंजारी में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चैनपुर में 10 बजे से, बेहरचुंआ मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम केराकछार में 10 बजे से और लिटियाखार (नवागांवखुर्द) में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत धरमपुर स्कूल मैदान में वार्ड क्रमांक 60 सुबह 10 बजे से, राजेन्द्र प्रसाद नगर वार्ड क्रमांक 28 दशहरा मैदान में दोपहर 2.30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया जाएगा।

### डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। यह भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी द्वारा विद्यालय के प्रार्थना सभा में गणितज्ञ रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्प व माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। कक्षा 11वीं के दीपेश ने गणित दिवस पर महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने गणित विषय पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं की रिया तंबोली, कक्षा नवमी की खुशबू बाघ व स्नेहलता स्वाइन ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही कक्षा 6वीं से नवमी के विद्यार्थियों ने गणित के विषय महत्व पर सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर नाटक की प्रस्तुति दी।

### दिव्यांग बच्चों के खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोरबा।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिला में दिव्यांग बच्चों का खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अंधरीकछार आत्मानंद स्कूल प्रांगण में कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज कुमार पाण्डेय, एडीपीओ के जीपी भारद्वाज तथा विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के शिक्षक, बच्चे तथा पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अपने आप को कमजोर न समझें वे अपनी प्रतिभा को हर क्षेत्र में साबित कर सकते हैं।

## कोरबा जिले को मुख्यमंत्री साय के मंत्रिमंडल में मिली जगह

# लखन ने तय किया पार्षद से कैबिनेट मंत्री तक का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा की सरकार बनने के बाद कोरबा जिले को भी मंत्रीमंडल में स्थान मिला है। कभी पार्षद के रुप में अपना राजनीतिक जीवन शुरु करने वाले कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन ने महापौर और कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय कर लिया है। श्री देवांगन ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को 25 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त देकर चुनाव जीता है।

कैबिनेट मंत्री बन चुके लखनलाल देवांगन का परिचय : लखनलाल देवांगन का जन्म 12 अप्रैल 1962 में हुआ था। उन्होंने बीए प्रथम वर्ष तक की शिक्षा ग्रहण की है। सीधे और सरल व्यक्तित्व के धनी लखनलाल देवांगन अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही भाजपा संगठन से जुड़े। वर्ष 1999 में लखनलाल देवांगन ने पार्षद का चुनाव लड़ा। वर्ष 2004 में उन्हें पार्टी द्वारा महापौर का प्रत्याशी बनाया गया। जिसमें जीत हासिल नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर बने। वर्ष 2013 में एक बार फिर पार्टी ने भरोसा जताया तब श्री देवांगन को कटघोरा विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया। श्री देवांगन ने कटघोरा विधानसभा में कांग्रेस के 6 बार के विधायक वरिष्ठ कांग्रेस नेता बोधराम कंवर को हरा कर वहां की राजनीतिक हवा का रुख बदल दिया था। जिसके बाद तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मंत्रिमंडल में लखन देवांगन को संसदीय सचिव बनाकर उन्हे मजबूत स्थान दिया गया। वर्ष 2018 में पार्टी ने उन्हें एक बार फिर लखन देवांगन को कटघोरा से लड़ाया लेकिन राज्य में 15 साल तक रह चुकी भाजपा सरकार के विरुद्ध माहौल ने सफलता से दूर रखा। इसके 5 साल बाद भाजपा ने वर्ष 2023 के चुनाव में सधी हुई रणनीति और जाति समीकरण के आधार पर टिकटों का वितरण किया। इस समय लखन ने दिल्ली में बैठे पार्टी पदाधिकारियों के दिलों में भी राज किया और उनका नाम पहली लिस्ट में फाइनल हो गया। कोरबा विधानसभा से राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को मात देना किसी चुनौती से कम नहीं था लेकिन लखन ने इसे स्वीकार किया और अपनी छवि के बूते पार्टी के सहयोग से यह चुनाव जीत लिया। कांग्रेस सरकार के खिलाफ बने माहौल में कमल खिलाते हुए रिकार्ड 25 हजार 629 मतों से जीत हासिल किए।

### विभाग का बंटवारा होना बाकी



केबिनेट मंत्री पद की शपथ लेते लखनलाल देवांगन।



घर में खुशियों का इजहार करते श्री देवांगन के परिजन।

### समर्थकों ने रायपुर में किया स्वागत



शुक्रवार की दोपहर राजभवन में श्री देवांगन ने कैबिनेट मंत्री पद का कार्यभार ग्रहण किया इसके बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया। सैकड़ों की संख्या में कोरबा से रायपुर पहुंचे समर्थको ने श्री देवांगन को फूल माला से लाद दिया। यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। श्री देवांगन राजभवन से मंत्रालय पहुंचे जहां पर उन्होने मंत्री मंडल के बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद वे अपने निजी निवास स्थान कचना पहुंचे। जहां पर फिर से स्वागत सत्कार का सिलसिला शुरू हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। श्री देवांगन शनिवार को सुबह रायपुर से कोरबा के लिए रवाना होंगे।

### मंत्री लखन का कोरबा प्रवास आज, जगह-जगह होगा स्वागत



कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन शनिवार को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। शनिवार को रायपुर से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे जहां पर प्रात 11 बजे हिंदू चौक बिलासपुर में स्वागत होगा। इसके पश्चात नेहरू चौक में आतिशबाजी होगी तत्पश्चात उनके 12:30 बजे पाली आगमन होगा जहां पर जनपद कार्यालय के सामने स्वागत होगा। दोपहर 1 बजे चैतमा के बाद कटघोरा आगमन होगा जहां 1:30 बजे उनका स्वागत सत्कार कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा श्री देवांगन दोपहर 2 बजे छुरी पहुंचेंगे। इसके बाद एनटीपीसी में गेट में उनका स्वागत होगा दोपहर 2:30 बजे दरी बस स्टैंड में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे उसके बाद 3:15 बजे कोहड़िया चौक में स्वागत सत्कार होगा। इसके बाद 4 बजे अप्पू गार्डन के पास स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है 4:30 बजे श्री देवांगन का ट्रांसपोर्ट नगर चौक में जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा अभूतपुर स्वागत किया जाएगा यहां से खुली गाड़ी में आभार रैली प्रारंभ होगी जो सीतामढ़ी चौक में समाप्त होगी। मीडिया प्रभारी मीडिया मनोज ठाकुर ने बताए की मंत्री श्री देवांगन के कोरबा प्रवास को लेकर के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता में खासा उत्साह है और स्वागत रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जुट गए हैं।

### सबके चहरे पर खुशी



श्री देवांगन के भाई बहू ज्योति देवांगन ने कहा कि बहुत खुशी की बात है भैय्या आज मंत्री पद का शपथ ले रहे हैं। वो परिवार ही नहीं सारे कोरबावासियों को एक साथ लेकर चलते हैं और सबको एक जैसा समझते हैं। सबके चेहरे पर चमक है सभी बधाईयां देने आ रहे हैं।

### पहले से था विश्वास



लखनलाल देवांगन की बहन सुमती देवांगन ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है, भैय्या आज कैबिनेट मंत्री का शपथ ले रहे हैं। हमें पहले से ही विश्वास था कि वे चुनाव में जीत दर्ज करेंगे और उन्हें मंत्री पद भी मिलेगा।

### पूरे शहर में उत्साह



श्री देवांगन की बहू दीपा देवांगन ने कहा कि आज बाबूजी मंत्री पद का शपथ ले रहे हैं। पूरे परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है। उन्होंने पार्षद से विधायक और अब कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया है। यही वजह है कि पूरे शहर के लोगों में उत्साह नजर आ रहा है।

### 24 साल का लंबा संघर्ष

मेहनत और किस्मत इंसान को फर्श से अर्श पर किस तरह पहुंचाती है,इसका एक और उदाहरण कोरबा के लखनलाल देवांगन से देखने को मिला। भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने टिकट दिया तो अपनी लोकप्रियता से पार्षद बने। यहां से उन्होंने राजनीतिक सफर शुरू किया और 24 साल बाद आज प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनकर जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। श्री देवांगन ने कांग्रेस के गढ़ कोरबा विधानसभा में पहली बार रिकार्ड मतों से कमल खिलाया। उनके लिए चुनाव प्रचार की अंतिम सभा लेने आए गृहमंत्री अमित शाह ने 15 नवम्बर 2023 घण्टाघर में जनता से कहा था कि आप लोग लखनलाल को जिताए, इनका राजनीतिक भविष्य उज्ज्वल है।

### कई पदों का किया निर्वहन

श्री देवांगन ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद का भी निर्वहन किया है। इसके पूर्व भी कई मोर्चा प्रकोष्ठों में जिला पदाधिकारी पद का निर्वहन किया है। इसके अलावा राज्य में 4 बार प्रदेश कार्यसमिति पद का निर्वहन किया है। छग शासन में पूर्व संसदीय सचिव भी रहे हैं। साथ ही पूर्व प्रदेश मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं। इसके अलावा पूर्व में लैलूंगा विधानसभा के प्रभारी का दायित्व निर्वहन किया है। वर्तमान में भाजपा पार्टी के छग के दो बार प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन किया है साथ ही वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी मुंगेली के जिला प्रभारी का दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

# सरकारी अस्पताल में नसबंदी के नाम पर पैसा मांगने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ओर जहां सरकार के द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए नसबंदी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है तो दूसरी ओर सरकारी अस्पताल में महिलाओं की नसबंदी करने के एवज में उन्हें प्रोत्साहन राशि देने की बजाय उनसे ही रुपए लिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संबंधित चिकित्सक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

### खास बातें

- बीएमओ ने जारी किया शोकॉज नोटिस
- शिकायत के बाद अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज

जिले के अंतिम छोर पाली विकासखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में विभिन्न ग्रामों की महिलाएं मितानिन के माध्यम से नसबंदी करवाने पहुंची जिनका नसबंदी के एवज में रुपये लिए गए। पाली अस्पताल में ज़िला खनिज न्यास मद से पदस्थ डॉ हेमंत पैकरा ने इनका नसबंदी किया। हितग्राहियों से पूछताछ की गयी तो उन्होने एवं उनके परिजनों ने बताया कि वे मितानिन के माध्यम से नसबंदी करवाने पहुंची है और डॉ पैकरा ने उनका नसबंदी किया है जिसके लिए मितानिन को 2500 रूपए से 5 हजार प्रति व्यक्ति के हिसाब से पैसा दिए हैं। हालांकि शिकायत मिलने पर पाली बीएमओ बी एल रात्रे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मरीजों और उनके परिजनों से जब पैसे मांगें जाने को लेकर जानकारी जुटाई तो मरीजों ने पैसे दिए जाने से इंकार कर दिया। वहीं मरीज के परिजनों ने दवाईयों व अन्य सामानों के लिए पैसे मांगे जाने की बात कही। फिलहाल बीएमओ ने मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित चिकित्सक व स्टाफ को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज किया गया है। डॉ हेमंत पैकरा का बयान लेना बाकी है। आने वाले दिनों में संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### शोकाज नोटिस जारी

नसबंदी के दौरान पैसे मांगे जाने की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचकर जांच की गई है। अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज किया गया है। संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज होना बाकी है। शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**- बी एल रात्रे**
बीएमओ, पाली

# पीएचई में सेटअप के अनुरुप कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना को मैदानी क्षेत्र में अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी निभाने वाले पीएचई विभाग का लंबा चौड़ा क्षेत्र होने के कारण राज्य शासन की ओर से अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप भी स्वीकृत किया गया। किंतु उसके अनुरुप तकनीकी कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं होने का असर विभागीय योजनाओं पर पड़ रहा है। मैदानी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों के निरीक्षण के लिए पदस्थ कर्मियों को जूझना पड़ जाता है।

### खास बातें

- मामला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
- विभागीय योजनाओं के सुपरविजन के लिए जूझना पड़ता है



पानी टंकी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत तीन सब डिविजन आते हैं। करतला, पाली और कटघोरा के अलावा पीएचई का प्रोजेक्ट भी विभाग के अंतर्गत आता है। जिनके अलग अलग कार्य संचालित हैं। इन कार्यों की देखरेख के लिए राज्य शासन से जो सेटअप जारी हुआ है उसमें 12 सब इंजीनियर के पद स्वीकृत हैं, उसके एवज में दो सब इंजीनियर ही पदस्थ हैं, शेष के पद रिक्त हैं। जबकि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का काम ग्रामीण अंचल में चल रहा है। एक बड़े पैकेज की इस योजना अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, इस योजना के तहत कार्य भी चल रहा है। कोरबा जिला एक बड़ा दूरस्थ जिला है जिसके ग्रामों की दूरी जिला मुख्यालय से ही 90 से 100 किमी है। ऐसे में इन क्षेत्रों में चलने वाले कार्यों का निरीक्षण एक चुनौतीभरा रहता है किंतु उसके बावजूद पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा मैदानी स्थल पर इन योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया जाता है। जल जीवन मिशन के काम बीते एक साल से मैदानी स्तर पर चल रहे हैं जिसके तहत टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शामिल है। ठेका कंपनी के द्वारा उक्त कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। निरीक्षण दो सब इंजीनियर के भरोसे हैं।

### यह है सेटअप

12 सब इंजीनियर के सेटअप वाले जिले में 3 सब इंजीनियर की पदस्थापना एवं एक सब इंजीनियर पर 3 ब्लाकों के 300 करोड़ के 170 कार्यों की जिम्मेदारी है। पीएचई जल जीवन मिशन अमले की कमी से जूझ रहा। पीएचई में उप अभियंता (सब इंजीनियर) के 12 पद स्वीकृत हैं लेकिन उप अभियंताओं को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के पद पर पदोन्नत कर अन्यत्र जिलों में पदस्थ करने एवं रिक्त पदों की पूर्ति नहीं करने की वजह से विभाग के पास महज 3 सब इंजीनियर ही रह गए हैं। सत्यनारायण कंवर, अभिषेक विश्वकर्मा एवं दुर्गेश्वरी मिश्रा। इनमें सत्यनारायण कंवर करतला सब इंजीनियर के साथ सेंट्रल स्टोर का अतिरिक्त कार्य दायित्व देख रहे। दुर्गेश्वरी मिश्रा पाली सब इंजीनियर के तौर पर पदस्थ हैं। वहीं बात करें सब इंजीनियर अभिषेक विश्वकर्मा की तो ये डिवीजन में पदस्थ हैं इन्हें विभाग ने कोरबा, कटघोरा एवं पोंडी उपरोड़ा सब इंजीनियर का काम दिया गया है।

## मंगलवार को हुई नीलामी में 60 लाख की बिकी लकड़ी

# इमारती लकड़ी बेचकर कटघोरा वनमंडल हर साल कमाता है करोड़ों रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल घने वन से आच्छादित है। जंगल में बड़े पैमाने पर साल, सागौन जैसे इमारती लकड़ियों की भरमार है। यही वजह है कि इस अकूत खजाने से वन विभाग हर साल मालामाल हो रहा है। जहां वन औषधीय से वन विभाग को बड़ी राजस्व राशि मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर इमारती लकड़ियों को बेचकर हर साल वन विभाग करोड़ों रुपए राजस्व अर्जित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल का पूरा इलाका घने वनों से भरा है। इस जंगल में बेस कीमती इमारती लकड़ियों का अकूत भंडार है। जहां योजनाबद्ध ढंग से वन विभाग हर साल जंगल में कूपों की कटाई की जाती है और इन कूपों की कटाई के बाद उसे कसनिया डिपो में संग्रहित किया जाता है। जिसके बाद वन विभाग के अफसरों द्वारा जिस समय-समय पर नीलाम कर विभाग द्वारा करोड़ों रुपए राजस्व अर्जित कर विभाग मालामाल होता है। इसी कड़ी में मंगलवार को कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत की उपस्थिति में नीलामी की प्रक्रिया की गई। जहां वन विभाग के अधिकारियों द्वारा एक दिन में ही लगभग 60 लाख रुपए की इमारती लकड़ी की नीलामी कर राजस्व हासिल किया गया है। बताया जाता है कि इस नीलामी के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से बड़े पैमाने पर इमारती लकड़ियों के खरीदी करने वाले व्यापारी पहुंचे थे। जिसकी वजह से उन्होंने ऊंचे से ऊंची दाम पर नीलामी करने लगे और एक दिन के भीतर ही लगभग 60 लाख रुपए की इमारती लकड़ियों की खरीदी की है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक प्रत्येक साल वन विभाग इमारतियों लकड़ियों की बिक्री कर करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त करती है।



नीलामी प्रक्रिया में शामिल व्यापारी।



नीलामी की प्रक्रिया संपन्न करते अधिकारी।

### 10 वर्षों के लिए तैयार की जाती है कार्य योजना

जंगल में इमरती लकड़ियों की कटाई के लिए वन विभाग द्वारा विशेष रणनीति तैयार की जाती है और प्रत्येक 10 वर्षों में जंगल में कूपों की कटाई के लिए डीएफओ अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर एक कार्य योजना बनाते हैं और उसके स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अफसरों को भेजा जाता है। कार्ययोजना की स्वीकृति के बाद ही उसी कार्ययोजना के तहत चिन्हांकित जंगल में जाकर वन विभाग कूपों की कटाई करता है और उसकी ढुलाई कर कटघोरा स्थित कसनिया डीपो में संग्रहित किया जाता है और संग्रहण कर लकड़ी का नीलाम किया जाता है।

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर व सीएसईबी पूर्व फुटबाल मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 20 राज्यों के लगभग 2 हजार प्रतिभागी एवं कोच, मैनेजर, रेफरी आदि सम्मिलित होंगे। 5 दिवसीय इस आयोजन में 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं बेस बाल खेलेंगे। स्कूल शिक्षण विभाग एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति अन्तर्गत होने वाले इस प्रतियोगिता की तैयारियों और आवासीय, परिवहन, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा आदि व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने आयोजन की रूपरेखा और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल बीकन स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** एसईसीएल बीकन स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पीबी सोना चेयरमैन ग्रुप ऑफ़ बीकन स्कूल थे। सर्वप्रथम प्राचार्य एमबी गाडलब ने स्कूल का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कल्पना मिश्रा के मार्गदर्शन में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह का अभिभावक आगुन्तक और बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीएस पटेल, डीके पाण्डेय, नरोत्तम, शांतनु, सत्य प्रकाश, रुपक, सुश्री चंदना, पी बारिक, शोभा नाडिग, अपराजिता, आंचल, शालिनी, श्रीमती यातिमा नाथन, डी रश्मि, एमजे चौहान, मिट्ठू चटर्जी, हिंडारिया, सलोनी बाग, बीना, संतोषी, अरुना, लखन का सहयोग रहा।

### दो ग्रामीणों के ठिकानों पर पुलिस का छापा, 30 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** गांव में अवैध शराब बेचने वाले दो ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर दोनों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लालमाटी निवासी किशन विश्वकर्मा, अनिल सागर विश्वकर्मा के द्वारा अवैध रूप से शराब बनाकर गांव में बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जाता है। सूचना पर उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी व उनकी टीम ने दोनों ग्रामीणों के ठिकाने पर दबिश देकर दोनों आरोपियों के कब्जे से 15-15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है।

### युवक की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर की है, यहां निवासरत नईमुद्दीन अंसारी 35 वर्ष की है। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### एसईसीएल के ड्रिलिंग कैंप कॉलोनी में चोरी की घटनाएं बढ़ी

**कोरबा।** एसईसीएल, ड्रिलिंग कैम्प कॉलोनी में पिछले दो माह के दौरान चोरी की कई घटनाएं होने से कॉलोनीवासी दहशत में आ गए हैं। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कॉलोनीवासियों ने इस संबंध में एक शिकायत पत्र चौकी प्रभारी मानिकपुर को सौंपते हुए चोरी की वारदातों पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत पत्र में कॉलोनीवासी दिलीप कुमार विश्वास, धनंजय कुमार, अनिल घोष, आनंदराम देवांगन, टीके सिंह आदि ने बताया कि कॉलोनी के कुछ आवासों में असामाजिक तत्वों के द्वारा चोरी के वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। जिनमें आवास क्रमांक बी-3 एस अन्सारी, आवास क्रमांक बी-6 एसके पाल, आवास क्रमांक बी-11 एस स्वाईन, आवास क्रमांक बी-60 सुनिल पाठक, आवास क्रमांक बी-70 मनोज कुमार प्रधान, आवास क्रमांक बी-64 पुरुषोत्तम साहू में लगे एसी से तांबें की तार पाईप की चोरी की घटनाएं शामिल है।

### छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज का चुनाव कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज की बैठक बुधवारी बाजार समाज के भवन में आहूत की गई। जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी की चुनाव को लेकर रुपरेखा तय की गई। सभी की सहमति से 24 दिसंबर को चुनाव कराने की तिथि तय की गई।

## निधन

### राम कुमार बंसल



**बिलासपुर।** रियल हेवन अपार्टमेंट मंगला चौक निवासी राम कुमार बंसल का 82 वर्ष की आयु में 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सीए प्रवीण कुमार बंसल, संदीप बंसल, संजय बंसल के पिता एवं प्रखर, अनमोल, मयंक, वैभव और दिव्यांश के दादा एवं आयांश के परदादा थे।

### संत दास जगयासी



**कोरबा।** सिंधी समाज के भाई बाजाराम दरबार के गादीदार बाबा संत दास जगयासी (76 वर्ष) का निधन शुक्रवार को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर शनिवार को 11.30 बजे मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### धान खरीदी केंद्रों में बारदानों का मंडरा रहा संकट

# पीडीएस दुकानदारों को जमा करना होगा बारदाना



धान खरीदी केंद्र में इंतजार करते किसान।

#### नागरिक आपूर्ति निगम से मिलता है पैसा

पीडीएस दुकान संचालकों को बारदाने जमा करने के एवज में 20 रुपए प्रति बारदाने की दर से नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा भुगतान भी किया जाता है। इसके अलावा राईस मिलर्स को भी बारदाने जमा करने को कहा गया है, शासन के द्वारा आपूर्ति की तुलना में 50 प्रतिशत बारदाने की सप्लाई होती है और 50 प्रतिशत बारदाने राईस मिलर्स और पीडीएस दुकान संचालकों से लिए जाते हैं। इन दोनों से लिए बारदानों का उपयोग भी खरीदी में किया जाता है लेकिन खरीदे के दौरान हमेशा बारदाने को दोनों राईस मिलर्स व पीडीएस के द्वारा निर्देश के बाद भी जमा कराए जाने में हिलाहवाला किया जाता है। जिस संख्या में उपार्जन केंद्र व किसान बढ़े हैं उसकी तुलना में बारदानों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है। बारदाने के संकट खड़ा होने का एक कारण यह भी है।

#### लेमरु धान केंद्र में खरीदी शुरु

वनांचल क्षेत्र लेमरू में धान खरीदी शुरु होने से किसान काफी उत्साहित दिख रहे हैं। किसानों का कहना था कि लेमरू के धान मंडी में हमें किसी भी प्रकार कोई परेशानी नहीं हो रही है, टोकन के बाद ही धान बेचकर जा रहे है कोई भी असुविधा नहीं हो रही है। वहीं दूसरी तरफ धान मंडी में धान की रखरखाव भी बेहतर तरीके से की गई है।

#### वन अधिकारपत्र धारियों से हो रही खरीदी

जब से वन अधिकार पत्रधारियों के धान खरीदे जाने के निर्देश राज्य शासन द्वार दिए गए हैं तब से खरीदी की मात्रा भी बढ़ी है और किसानों की संख्या बढ़ने का एक कारण यह भी है साथ ही साथ धान की फसल लेने का रकबा भी पिछले कुछ वर्षों की अपेक्षा बढ़ा है। जिसका फायदा वनअधिकार पत्रधारियों को भी मिल रहा है। पूर्व में इन्हें वन अधिकार पत्र जो जारी किया गया था उनका राजस्व रिकार्ड में उल्लेख नहीं होने की वजह से समितियों में पंजीयन नहीं होने के कारण धान की खरीदी भी नहीं हो रही थी। परिणाम स्वरुप ऐसे लोग शासन की बोनस योजना से भी वंचित हो रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रों में धान की आवक लगातार बढ़ने से खरीदी केंद्रों में बारदानों की कमी का संकट मंडराने से निपटने के लिए पीडीएस के बारदानों का उपयोग धान खरीदी केंद्रों में किया जाएगा। इसके लिए सभी पी डी ए स संचालकों को बारदाना जमा करने के निर्देश खाद्य विभाग के द्वारा जारी कर दिए गए हैं। जिससे किसानों को बारदाना के लिए भटकना न पड़े।

**खास बात**

- खाद्य विभाग ने जारी किए निर्देश

जिले में 65 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी हो रही है। नई सरकार आने के बाद से खरीदी केंद्रों में आवक भी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में धान को रखने हेतु पीडीएस के बारदानों की जरुरत पड़ेगी। समितियों में उपलब्ध बारदाने आवक की तुलना में कम पड़ने लगे हैं। स्थिति यह निर्मित हो रही है कि पुराने बारदानों का उपयोग के साथ साथ फटे हुए बारदानों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि प्रतिवर्ष खरीदी के पूर्व बारदाने मंगाए जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 1 लाख गठान बारदाने की आपूर्ति हुई है लेकिन बीते कुछ वर्षों से जिस तरह से धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ी है उसकी तुलना में जिले के उपार्जन केंद्रों में बारदानों की आपूर्ति नहीं हो रही है। यही कारण है कि उपार्जन केंद्रों में बारदानों को लेकर स्थिति संकट की निर्मित हो जाती है। कई मर्तबा किसान और प्रबंधकों के बीच कहा सुनी भी होती है, ऐसे संकट से निपटने के लिए पीडीएस में उपयोग होने वाले बारदानों को जमा कराए जाने के निर्देश खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस दुकान संचालकों को दिए गए हैं। उन्होंने बारदाने समितियों में जमा करने का काम शुरु कर दिया है। किंतु उनके पास भी बारदाने फटे हुए मिल रहे हैं जो धान रखने के लिए उपयुक्त नहीं माने जा रहे हैं। कई केंद्र ऐसे हैं जहां किसान स्वयं के खर्च पर बारदाने ला रहे हैं या समिति में उपलब्ध फटे हुए बारदानों की सिलाई कर उसका उपयोग कर रहे हैं।

#### निर्देश दिए गए हैं जमा करने का

समितियों में बारदानों के संकट से निपटने के लिए राईस मिलर्स व पीडीएस दुकान संचालकों को उनके यहां खाद्य सामग्री के बारदानों को जमा कराए जाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं और शासन ने इसके लिए नियम भी बनाए हैं। बारदाने जमा करने के एवज में नागरिक आपूर्ति निगम पीडीएस दुकान संचालकों को राशि भी जारी करता है।

- **जेके सिंह**, जिला खाद्य अधिकारी

# सांसदों के निलंबन पर कोरबा में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धरना को संबोधित करते कांग्रेस नेता विकास सिंह।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा आज दोपहर 12 बजे से टी पी नगर चौक कोरबा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर इंडिया गठबंधन के 146 सांसदों के निलंबन के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जब संसद भवन में सांसद सुरक्षित नहीं है। तो देश भर में सुरक्षा की उम्मीद कैसे किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि संसद भवन में विपक्ष को सवाल पूछने नहीं दिया जाता अगर मौका मिल भी जाता है तो सवाल पूछने के बदलें उन सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है।

सभापति श्यामसुंदर सोनी ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार को लगता है कि सांसदों को निलंबित करके कांग्रेस पदाधिकारियों को डरा देंगे लेकिन कांग्रेस संगठन ऐसे कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। हमने देश की आजादी के लिए लम्बे समय से लड़ाई लड़ी है। इतिहास गवाह है हम देश की आजादी, देश की सुरक्षा, देश के संविधान के लिए हर दम तैयार रहते है। जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि आज भारत का प्रजातंत्र खतरे में है। ऐसे में हम चुप नहीं रहेंगे हम आखिरी सांस तक देश के लिए लडेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर एवं दुष्यंत शर्मा ने कहा कि सांसद से 146 सांसदों को बाहर क्यों किया गया इस पर किसी ने सवाल नहीं उठाया लेकिन राहुल गांधी ने बाहर किये गये सांसदों के बातचीत को रिकॉर्ड किया उसे सत्ता पक्ष मुद्दा बनाकर अपनी गलती को छिपाने का असफल प्रयास कर लोगों को गुमराह करने पर लगी हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, पार्षद बसंत चन्द्रा, पालूराम साहू, सुख सागर निर्मलकर, रवि चंदेल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, महेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम चौहान, रामगोपाल यादव, देवी दयाल सोनी, श्यामा रामायण दास महंत, विकास सिंह, गिरधारी बरेठ, प्रदीप पुरायणे, राकेश पंकज, गीता गभेल, बच्चू मखवानी, सनंद दास दीवान, अभिनय तिवारी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अवधेश सिंह, बद्री नाथ किरण, गजानंद प्रसाद साहू, पंचराम आदित्य, शशी अग्रवाल, देवीदयाल तिवारी, वेद मित्तल, फुलदास महंत, सीमा उपाध्याय, गौरी चौहान, मनीषा अग्रवाल, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, नफीसा हुसैन, लक्ष्मी महंत, हमीदुन, त्रिवेणी मिरी, द्रोपदी तिवारी, वेदमति डहरिया, शालू पनरिया, पुष्पा यादव, मधु सिंह, ममता अग्रवाल, एफ डी मानिकपुरी, अमरूदास महंत, रामायण दास दीवान, सहित अनेको कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे

# कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समग्र शिक्षा जिला अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सौरभ कुमार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्याहीमुड़ी में जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा अनुपयोगी सामग्रियों से उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा को साबित किया। सभी विकासखण्डों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने जिला स्तर में भाग लिया। उक्त जानकारी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज पाण्डेय ने दी। कबाड़ से जुगाड़ में 5 विकास खण्डों से प्रति विकास खण्ड 3 प्रतिभागियों में भाग लिया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया गया,जिसमे सम्बंधित स्कूलों के शिक्षक बच्चे तथा एपीसी समग्र शिक्षा उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली साईं बाबा की पालकी यात्रा, साईं के जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेला मैदान स्थित साई मंदिर से द्वारा कटघोरा के अहिरन नदी से साईंबाबा की पालकी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में साईभक्त शामिल हुए। साईबाबा की पालकी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां जगह-जगह चौक चौराहों पर पालकी पर पुष्प वर्षा की गई वहीं बाबा के पांव पखारने वालों का तांता लगा रहा।

पालकी यात्रा में जहां साई भक्त जहां बाबा के जयकारे पूरे जोश से लगा रहे थे वहीं महिलाएं साईं भजन गाते हुए चल रही थीं जिससे नगर का माहौल पूरी तरह साईंमय नजर आया। साईं मंदिर समिति ने बताया कि इस वर्ष धूमधाम से साईं बाबा की पालकी का आयोजन समिति द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है जिसमें नगर के साईं भक्त शामिल होते हैं। जिसके उपरांत मंदिर प्रांगण में प्रसादी का वितरण किया गया। इस वर्ष प्रसादी वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की प्रसादी ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि साईं बाबा की प्रसादी का विशेष महत्व होता है जिसे ग्रहण करने दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। साईं मंदिर समिति कटघोरा द्वारा पूरे उत्साह के साथ साईं पालकी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। साईं पालकी यात्रा में आकर्षक झांकियां के साथ कलाकारों के द्वारा मनमोहक नृत्य आकर्षक का केंद्र रहा। देव स्वरूपों में सजे कलाकार डीजे की धुनों पर आकर्षक नृत्य करके सभी को झूमने पर मजबूर कर रहे थे।

### अधेड़ की अचानक बिगड़ी तबियत, हुई मौत

**कोरबा।** एक अधेड़ व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। हालांकि अधेड़ की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण हुआ खुलासा हो पाएगा। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पताढ़ी की है यहां निवासरत दुलेश्वरराम जागृति 43 वर्ष पिता खुशराम जागृति की मंगलवार की रात अचानक तबियत बिगड़ी और जब परिजनों को एहसास हुआ कि उसकी तबीयत बिगड़ रही है तो आनन फानन में परिजन दुलेश्वर को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।







BJP
मान.प्रेमचंद पटेल जी
विधायक-कटघोरा विधानसभा क्षेत्र
प्रदेश पंचायत सचिव संगठन जिला-कोरबा की ओर से
मा. लखनलाल देवांगन जी
के केबिनेट मंत्री
(छत्तीसगढ़ शासन)
बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धरम भारद्वाज
जिलाध्यक्ष-सचिव संघ कोरबा
प्रफुल्ल तिवारी
जिला अध्यक्ष भाजपा
एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो, कोरबा
नरेन्द्र देवांगन
जिला महामंत्री भाजयुमो, कोरबा
पार्षद-नगर पालिक निगम, कोरबा
नरेन्द्र पाटनवार
भाजपा नेता
दुष्यंत शर्मा
भाजपा नेता
सुरेंद्र सिंह अरोरा
(सोनू पाजी)

22 korba Bhoomi-pg4_Layout 1 12/23/2023 12:06 AM Page 1



भाजपा को 7, कांग्रेस को 3 और 2 मत निरस्त पाए गए

# नगर पालिका कटघोरा में भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव गिरा, रतन ने बचा ली अपनी कुर्सी



अविश्वास प्रस्ताव में जीत दर्ज करने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल एवं समर्थक।



पालिका कार्यालय के बाहर मौजूद पुलिस बल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष रतन मित्तल के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया है। आखिरकार कांग्रेस के रतन मित्तल नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष पद की कुर्सी बचाने में सफल हो गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद कांग्रेसियों में जहां खुशी की लहर व्याप्त है।

कटघोरा नगर पालिका में 15 वार्ड है जिसमे कांग्रेस के 7 व बीजेपी के 7 तथा 1 निर्दलीय पार्षद हैं। शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव में बीजेपी से 6 और कांग्रेस के 5 वही एक निर्दलीय पार्षद मिलाकर कुल 12 पार्षद उपस्थित हुए। दोपहर 12:30 बजे से प्रक्रिया प्रांरम्भ हुई और मतदान के बाद लगभग 2 बजे पीठासीन अधिकारी ने रतन मित्तल को निर्वाचित घोषित किया कुल 12 पार्षदों ने मतदान किया जिसमें कांग्रेस से रतन मित्तल को 3 व बीजेपी को 7 मत पड़े व 2 मत रिजेक्ट हुए चूंकि बहुमत हाशिल करने के लिए 2 तिहाई याने की 8 मत चाहिए थे मगर भाजपा को केवल 7 मत ही प्राप्त हुए जिससे भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया इस बीच कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर बहस बाजी होती रही बतादें की कांग्रेस के दो पार्षदों को समय सीमा पर उपस्थित नही होने पर उन्हें बाहर कर दिया गया। जिसे लेकर कांग्रेसियों ने कार्यालय के मुख्यद्वार पर जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कटघोरा नगर पालिका कार्यालय के सामने नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल के यथावत अध्यक्ष की घोषणा के बाद कांग्रेसियों में जमकर खुशी देखी गई। कांग्रेस ने जमकर पटाखे फोड़े व मिठाई बांटी। सभी अध्यक्ष रतन मित्तल को बधाई दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के हरीश परसाई, कटघोरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल, अशरफ मेमन,लालबाबू ठाकुर,राज जायसवाल, क्रांति मित्तल, नरेंद्र मित्तल,अतुल मित्तल,अमन हसन अली हितेश अग्रवाल, छुरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन, कृष्ण गोपाल मित्तल, लव मित्तल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यह जीत जनता की जीत : मित्तल

कटघोरा नगर पालिका में पुनः अध्यक्ष बने रतन मित्तल ने कहा कि यह मेरी नही जनता की जीत है। उन्होंने वहां की कुछ पार्षद में विरुद्ध मतदान किये लेकिन कुछ पार्षद चाहते थे कि मैं ही अध्यक्ष बना रहूं, उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का कोई सहयोग नही मिला, हमारे दो पार्षदों को समय पर पहुंचने के बाद भी नही आने दिया गया। उन्हें बाहर निकाल दिया गया ताकि मतदान न हो पाए। सत्ता परिवर्तन तो होते रहता है कभी कांग्रेस तो कभी बीजेपी या कभी और लेकिन इस तरह का मतभेद नही होना चाहिए।

## कांग्रेस के दो पार्षदों को निकाला बाहर कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाजी

नगर पालिका में पीठासीन अधिकारी द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के दौरान पार्षदों के उपस्थिति की समय सीमा 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया था। वार्ड 7 के कांग्रेस पार्षद जय नारायण कंवर व वार्ड 1 के पार्षद रविन्द्र मोहन बघेल लघुशंका करने के लिए गए हुए थे जोकि 12:15 पर जब वे सभागार पहुंचे तो पीठासीन अधिकारी द्वारा विलम्ब से पहुंचने पर उन्हें बाहर कर दिया। जिसे लेकर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता भी वहां मौजूद थे। बीजेपी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इसे लेकर काफी बहसबाजी हुई। इस दौरान सुरक्षा पर तैनात कटघोरा थाना प्रभारी तेज कुमार यादव व उनकी टीम ने सुरक्षा को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को नगर पालिका कैंपस से बाहर किया। और शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। वही कांग्रेसियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## फूट फूट कर रोने लगे पार्षद जय कंवर

वार्ड नं 7 के कांग्रेस पार्षद जय कंवर को समय के अभाव में जब प्रसाशन के द्वारा अंदर नही जाने दिया गया तब जय कंवर बाहर आकर रोने लगा व रोते हुए बताया कि 12 बजकर 15 मिनट पर मैं अंदर जस रहा था लेकिन मुझे अंदर नही जाने दिया गया जबकि कार्यालय के बाहर में नोटिस चस्पा किया गया था उसमें साफ साफ लिखा हुआ था कि जनप्रतिनिधि 12 बजकर 30 मिन्ट तक अंदर प्रवेश कर सकते हैं जबकि मैं तहसीलदार को बता करके बाहर लघुशंका के लिए गया था मगर प्रशासन के द्वारा मुझे अपने मत का प्रयोग नही करने दिया गया।

# हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी संजय कंवर अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर रिस्दी की ओर जा रहा था कि इसी दौरान अंजोरीपाली के पास पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए संजय कंवर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे को जप्त कर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## किशोरी के साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत नवापारा निवासी विक्रम बरेठ ने क्षेत्र में ही रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अनाचार करते आ रहा था। किशोरी के परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तब उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज करने वाले हैं तो विक्रम बरेठ स्वयं को थाना प्रभारी बताकर किशोरी के परिजनों को फोन में डरा धमका रहा था। जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने विक्रम बरेठ के खिलाफ धारा 376, 506 भादवि एवं 4, 5 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

पैसे बीमारी ठीक होने पर देना है
बढ़ती उम्र से तथा बी. पी. शुगर के कारण आई कमजोरी, टाइम ना बनना, शीघ्र पतन, धातु रोग, स्वप्न दोष,शुक्राणुओं की कमी, संतान ना होना, वैवाहिक जीवन में निराशा, लिंग में ढीलापन, पतलापन, टेढ़ापन, बचपन की गलतियां, हस्त मैथुन, डायबिटिज, गठिया वात, एलर्जी, अस्थमा, लीवर कमजोर आदि रोगों को विशेष आयुर्वेद पद्धति से ठीक किया जाता है।
मनचाहा सेक्स संबंध पूरी सफलता से प्राप्त करने हेतु एक बार अवश्य मिले
धनवन्तरी आयुर्वेदिक
नया बस स्टैण्ड के पास ब्लू डायमंड होटल के सामने, कोरबा (छ.ग.)
9922533222 समय 9 से 7 बजे

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

